प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

3 अक्तूबर 2025

**एनबीएफसी के लिए स्व-विनियामक संगठन को मान्यता प्रदान करना**

रिज़र्व बैंक ने 19 जून 2024 को 'एनबीएफसी के लिए स्व-विनियामक संगठनों (एसआरओ) की मान्यता हेतु आवेदन आमंत्रित करना' संबंधी एक प्रेस प्रकाशनी जारी की थी, जिसमें एनबीएफसी क्षेत्र के लिए एसआरओ को मान्यता प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

2. हमें एनबीएफसी के लिए एसआरओ के रूप में मान्यता हेतु तीन आवेदन/ रुचि पत्र प्राप्त हुए। इन आवेदनों/ संदर्भों की जाँच दिनांक 21 मार्च 2024 के 'रिज़र्व बैंक की विनियमित संस्थाओं की स्व-विनियामक संगठनों को मान्यता देने हेतु बहुप्रयोजन ढांचा' और 19 जून 2024 की उपर्युक्त प्रेस प्रकाशनी के अंतर्गत निर्धारित प्रासंगिक अपेक्षाओं के आधार पर की गई।

3. जांच के आधार पर, फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल (एफआईडीसी) को एनबीएफसी के लिए एक एसआरओ के रूप में मान्यता देने का निर्णय लिया गया है। शेष दो आवेदनों पर विचार नहीं किया गया क्योंकि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक अपूर्ण थे।

**(ब्रिज राज)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1237**